**इस्पात मंत्रालय**

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1826**

**29 मार्च, 2012 को उत्तर के लिए**

## पोस्को परियोजना की धीमी गति

1826 श्री रूद्रनाराण पाणि:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि 'पोस्को' परियोजना का कार्य बहुत ही धीमी गति से चल रहा है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) 'पोस्को' कब तक उत्पादनक्षम हो जायेगा ?

**उत्तर**

**इस्पात मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा)**

(क) से (ग): जी, हां। भूमि अधिग्रहण, कच्ची सामग्री का आबंटन और स्थानीय कानून व्यवस्था संबंधी मुद्दों आदि की समस्याओं के कारण पोस्को परियोजना में धीमी प्रगति हुई है।

इस्पात एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र है। निजी इस्पात इकाइयों में उत्पादन शुरू करने के लिए इस्पात मंत्रालय कोई समय-सीमा निर्धारित नहीं करता है। यह पूर्णतया परियोजना विशिष्ट परिणाम है जो भूमि अधिग्रहण, कच्ची सामग्री लिंकेजों, वन एवं पर्यावरण मंजूरियों आदि की दिशा में की गई प्रगति जैसे अनेक घटकों पर निर्भर करता है।

**********